जागरण

# नकली शराब के साथ दो गिरफ्तार

Publish Date:Sun, 14 Oct 2018 06:45 PM (IST)



हजारीबाग : बरकट्ठा और उससे लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में दिन दहाड़े अवैध और नकली शराब का धंधा जोरों पर चल रहा है। उत्पाद विभाग द्वारा पड़ने वाले हर छापे में भारी मात्रा में नकली और नकली शराब बनाने के उपकरण बरामद हो रहे हैं। 10 दिन पूर्व दो लोगों को गिरफ्तार कर उत्पाद विभाग ने जेल भेजा था। रविवार को एक बार फिर छापेमारी में उत्पाद विभाग ने दो लोगों को नकली स्प्रिट, आरएस और व्हाइट एंड ब्लू नामक कंपनी के रैपर, सीसी सहित कई सामान बरामद किए हैं। छापेमारी एसआई जितेंद्र कुमार ¨सह ने की। गिरफ्तार लोगों में राजेश चौधरी और र¨वद्र चौधरी है। इनके पास से 11 पेटी अवैध नकली शराब, 19 लीटर स्प्रिट बरामद की गई। वहीं सैकड़ों लीटर स्प्रिट और अन्य सामान को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। सहायक आयुक्त एके मिश्रा के निदेश पर इन दिनों लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। छापेमारी के बाद शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है।

चलकुशा के रास्ते गिरीडिह एंव कोडरमा तक हो रही सप्लाई

जानकारी के मुताबिक बरकट्ठा में निर्मित अवैध शराब चलकुशा के रास्ते कोडरमा जय नगर, और गिरीडिह में शराब की सप्लाई हो रही है। बताया जाता है कि बरकट्ठा और चलकुशा में शराब तस्करों को पुलिसिया संरक्षण प्राप्त है। हाल के दिनों में पैसे लेकर कई लोगों को छोड़ने की सूचनाएं एसपी तक पहुंची है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजीत चौरसिया, त्रिलोकी प्रसाद सहित कई लोग इस धंधे में शामिल है। वहीं सफेदपोश लोग इस धंधे को संरक्षण दे रहे है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/hazaribagh-hazaribag-news-18533232.html